राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/1107/2022 दिनांकः 05 सितम्बर, 2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः सत्र 2022—23 हेतु सम्बद्धता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,/महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा बार—बार निर्देशित किये जाने के उपरांत भी अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2022—23 की सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु पत्रावली विश्वविद्यालय में जमा नही की गयी, इस कारण अनेक महाविद्यालयों का नाम विश्वविद्यालय बेवसाइट पर उपलब्ध नहीं है तथा ऐसे महाविद्यालय सत्र 2022—23 में प्रवेश नहीं ले पा रहे है।

सन्दर्भित प्रकरण सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांकः 27.08.2022 में प्रस्तुत किया गया। बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों हेतु अनेक महाविद्यालयों के पास सत्र 2022—23 की सम्बद्धता न तो डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा और न ही राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा निर्गत की गयी है। चूँकि सत्र प्रारम्भ हो चुका है। अतः ऐसे महाविद्यालयों की सत्र 2022—23 की सम्बद्धता पर विचार हेतु सम्बद्धता समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि जिन महाविद्यालयों के पास स्नातक/परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सम्बद्धता नही है, उन्हें इस शर्त के साथ सत्र 2022—23 की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाये कि महाविद्यालय दिनांकः 30 सितम्बर, 2022 तक सम्बन्धित पाठ्यक्रम में सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय में पत्रावली जमा कर दें। दिनांकः 30 सितम्बर, 2022 तक पत्रावली जमा न करने वाले महाविद्यालयों में यदि प्रवेश ले भी लिया जाता है तो ऐसे महाविद्यालयों में प्रवेशित विद्यार्थियों को अन्य महाविद्यालयों में स्थानांतरित कर दिया जायेगा और ऐसे महाविद्यालयों का सत्र 2022—23 शून्य घोषित कर दिया जायेगा।

भवदीय,

05/9/22

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा/अलीगढ़ परिक्षेत्र।
4. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लागिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

सहा0 कुलसचिव